प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपये से अधिक की जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का करेंगे शुभारंभ, भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी करेंगे संबोधित।
- भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में कहा– झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर तीन अक्तूबर को जारी होगा भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र।
- कांग्रेस ने झारखंड में 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की।
- सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी धनबाद को एक गरीब दलित युवक को प्रवेश देने का दिया आदेश, पैसों की कमी के कारण एडमिशन से रह गया था वंचित।
- झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने राज्य में फिलहाल बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं करने की घोषणा की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हजारीबाग से 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने हजारीबाग में तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री उनासी हजार करोड़ रुपये से अधिक के जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का शुभारंभ करेंगे।

श्री मोदी हजारीबाग में झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

****

प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को अंतिम रुप दे दिया है। श्री सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हजारीबाग दौरा समाप्त होने के दूसरे दिन यानी तीन अक्तूबर को भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण घोषणा पत्र भी इसी महीने जारी किया जायेगा।

****

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि पार्टी गठबंधन में रहकर राज्य की 35 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची में चुनाव संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे पूरी मेहनत के साथ चुनाव अभियान जुट जायें।

****

राज्य में फिलहाल बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जायेगी। यह फैसला झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने लिया है। आयोग के तकनीकी सदस्य अतुल कुमार और विधि सदस्य महेन्द्र प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने बिजली बिल भुगतान पर कई तरह की छूट देने का भी फैसला लिया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
****

सर्वोच्च न्यायालय ने एक दलित विद्यार्थी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद में प्रवेश सुनिश्चित कर बड़ी राहत दी है। इस निर्धन विद्यार्थी को पैसे जुटाकर ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा कराने में कुछ मिनटों की देर हो गई थी और वह प्रवेश से वंचित हो गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को आईआईटी आइएसएम धनबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में सीट दी जाए। शीर्ष न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को उसी बैच में प्रवेश दिया जाए जिसके लिए उसका चयन हुआ था और वे सभी लाभ भी उपलब्ध कराए जायें जिनके लिए वह पात्र है। इस बीच आईआईटी आईएसएम धनबाद के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर धीरज कुमार ने शीर्ष अदालत के आदेश का स्वागत किया है।
****

कोडरमा की एक अदालत ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष शंकर यादव हत्यकांड में शामिल चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2018 के फरवरी माह में तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष शंकर यादव की आईडी ब्लास्ट कर हत्या कर दी गई थी। अदालत ने इस चर्चित हत्याकांड की सुनवाई करते हुए चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर उन्हें 2 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।
****

रामगढ़ जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का सकारात्मक असर दिखने लगा है। स्वच्छता के प्रति लोगों में चेतना आयी है।
****

जामताड़ा जिले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगे विभिन्न कंपनियों के मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि तीन अन्य अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। जिले के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।
****

सिमडेगा जिले में 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 33 टीमें भाग ले रही हैं। खो–खो एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव संतोष प्रसाद ने कहा कि इस आयोजन में बालक और बालिका वर्ग में कुल 1300 खिलाड़ी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।
****